सोशल

डॉ. राजेन्द्र बडवे को नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड

By **Hindusthan Post Bureau** - October 29, 2021 7:10 PM Mumbai

प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ.राजेन्द्र बडवे को नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड मिलेगा। यह पुरस्कार उन्हें कैंसर के इलाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जा रहा है। इस क्षेत्र में कार्य का उनका 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है।

टाटा अस्पताल के निदेशक डॉ.राजेंद्र बडवे ने टाटा अस्पताल का नेतृत्व डॉ.के.ए दिनशॉ से संभाला। इसके पहले वे विभिन्न संस्थानों और विदेशों में भी काम कर चुके हैं। टाटा कैंसर अस्पताल में सेवाएं देते हुए उनका प्रयत्न रहा है कि आर्थिक रूप से सभी की पहुंच में कैंसर का इलाज और दवाइयां हों। वे टाटा अस्पताल के निदेशक और सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के प्रमुख हैं।